-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 19.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मकान से आभूषण आदि चोरी करने वाली अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार। साथ ही घटना में शामिल बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया गया। उनके कब्जे से चोरी के आभूषण आदि बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.04.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मकान से आभूषण चोरी करने वाली अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही घटना में शामिल बाल अपचारी को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के काशीराम कालोनी की रहने वाली सुनिता ने थाना कोतवाली नगर में सूचना दी कि दिनांक 17.04.2026 को जब वह अपने मकान की कुंडी लगाकर पास की दुकान में सामान लेने गई थी जब वापस आई तो उनके कमरे से बैग व उसमें रखे आभूषण आदि चोरी हो गए है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांक 19.04.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाली अभियुक्ता को काशीराम कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है साथ ही घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया। उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण, कपड़े व बैग आदि बरामद हुए है।

बरामदगी-

- 01 पीली धातु के लॉकेट वजन 03 ग्राम
- 01 मनचली पीली धातु वजन 3.7 ग्राम
- 01 जोड़ी पायल सफेद धातु वजन 54 ग्राम
- 01 सूट काले रंग का
- 01 बैग

गिरफ्तार अभियुक्ता-

1. सना खान पत्नी अजय निवासी काशीराम कॉलोनी ब्लाक न0-13 थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 188/26 धारा 305/331(1)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री विनोद सिंह चौकी प्रभारी काशीराम कॉलोनी
2. म0उ0नि0 सुश्री आकांक्षा पटेल चौकी प्रभारी संकट मोचन
3. म0कां0 शाहिदा कौसर
4. कां0 विनय कुमार
5. कां0 अजय कुमार